फा.सं. ई-11011/9/2019-हिंदी

भारत सरकार

पत्तन, पोत परिवहन और जलमार्ग मंत्रालय

परिवहन भवन, 1, संसद मार्ग
नई दिल्ली-110001,
दिनांक: 03.09.2021

सेवा में

कार्यालय प्रमुख,
पत्तन, पोत परिवहन और जलमार्ग मंत्रालय के सभी संबद्ध/नियंत्रणाधीन कार्यालय/स्वायत्त निकाय/पीएसयू

विषय : हिंदी दिवस, 2021 के अवसर पर माननीय पत्तन, पोत परिवहन और जलमार्ग मंत्री जी की अपील।

महोदय/ महोदया,

हिंदी दिवस, 2021 के अवसर पर माननीय पत्तन, पोत परिवहन और जलमार्ग मंत्री जी की अपील इसके साथ संलग्न है। कृपया दिनांक 14-09-2021 को हिंदी दिवस के अवसर पर इस अपील को अपने कार्यालय तथा अपने अधीनस्थ/नियंत्रणाधीन कार्यालयों में परिचालित करें।

संलग्न: यथोपरि।

भवदीय,

अजय सिरोही

(अजय पाल सिंह सिरोही)
संयुक्त निदेशक
दूरभाष : 011- 23350647
ई-मेल : ajay.sirohi@nic.in

सर्बानंद सोणोवाल
SARBANANDA SONOWAL

सत्यमेव जयते

मंत्री
पत्तन, पोत परिवहन और जलमार्ग एवं आयुष
भारत सरकार
Minister
Ports, Shipping & Waterways and AYUSH
Government of India

अपील

भारत की संविधान सभा ने 14 सितंबर, 1949 को हिंदी भाषा को संघ की राजभाषा का दर्जा दिया था। इसलिए देश भर में 14 सितंबर का दिन प्रति वर्ष हिंदी दिवस के रूप में मनाया जाता है।

अपनी भाषा के प्रति लगाव और अनुराग राष्ट्र प्रेम का ही एक रूप है। हिंदी ने सभी भारतवासियों को एक सूत्र में पिरोकर सदैव अनेकता में एकता की भावना को पुष्ट किया है। एक भाषा के रूप में हिंदी न सिर्फ भारत की पहचान है, बल्कि यह हमारे जीवन मूल्यों, संस्कृति एवं संस्कारों की सच्ची संवाहक, संप्रेषक और परिचायक भी है। बहुत सरल, सहज और सुगम भाषा होने के साथ ही हिंदी विश्व की संभवत: सबसे वैज्ञानिक भाषा है, जिसे दुनिया भर में समझने, बोलने और चाहने वाले लोग बड़ी संख्या में मौजूद हैं।

मैं पत्तन, पोत परिवहन और जलमार्ग मंत्रालय, तथा इसके सभी नियंत्रणाधीन कार्यालयों के कार्मिकों से अपील करता हूँ कि वे अपना रोजमर्रा का अधिक से अधिक सरकारी कामकाज आम बोलचाल की हिंदी में करें। मुझे आशा ही नहीं, बल्कि पूर्ण विश्वास है कि हम सब अपने सार्थक और सामूहिक प्रयासों से राजभाषा प्रयोग संबंधी संवैधानिक दायित्वों का निर्वाह करते हुए अपने मंत्रालय में हिंदी के कामकाज के स्तर को नई ऊंचाइयों पर ले जाएंगे।

मैं, 14 सितंबर, 2021 को 'हिंदी दिवस' के शुभ अवसर पर आप सबको अपनी हार्दिक शुभकामनाएं देता हूँ ।

(सर्बानंद सोणोवाल)

SAGARMALA
PORT-LED PROSPERITY

स्वच्छ भारत
एक कदम स्वच्छता की ओर

Yoga for Harmony & Peace

Room No. 201, Transport Bhawan, 1, Sansad Marg, New Delhi - 110001, Ph. : 011-23717422, 23717423, 23717424 (O), 23356709 (F)
E-mail : minister-shipping@gov.in; Website : www.shipmin.gov.in
Room No. 101, AYUSH Bhawan 'B' Block, GPO Complex, INA, New Delhi-110023, Tel.: 011-24651955, 24651935
E-mail : minister-ayush@nic.in; Website : www.ayush.gov.in